## प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

## (जनवरी, 2019)

*****

**प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां**

1. भारतीय चिकित्सा परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2018 के क्रम में, भारतीय चिकित्सा परिषद का 12.01.2019 को भारतीय चिकित्सा परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2019 के प्रख्यापन द्वारा पुनः अधिक्रमण किया गया (क्योंकि संसद का सत्र नहीं चल रहा था) और परिषद की शक्तियाँ और कार्य, भारतीय चिकित्सा परिषद, 1956 के अनुसार एक नई परिषद का गठन किए जाने तक अथवा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग गठित किए जाने या कोई अन्य व्यवस्था किए जाने तक एक शासी बोर्ड को निहित की गई है। शासी बोर्ड के सदस्यों की संख्या 7 से बढ़ा कर 12 की गई।
2. मंत्रालय, 228 करोड़ रु. की लागत से डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ के नए भवनों के पुनर्निर्माण का वित्तपोषण कर रहा है। इस संदर्भ में उक्त पुनर्निर्माण कार्य के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय कार्यालय भवनों का पुनर्निर्माण हेतु एनबीबीसी (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में रखा गया है। इस कार्य हेतु 8 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की उपस्थिति में निम्नलिखित दो करार ज्ञापनों (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गएः-

   i. मंत्रालय, डब्ल्यूएचओ और एनबीबीसी के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय करार ज्ञापन (एमओए)।
   ii. एनबीसीसी तथा मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय करार ज्ञापन (एमओए)।

3. एक स्वायत्त निकाय के रूप में जनसंख्या स्थिरता कोष (जेएसके) को बंद करने के संबध में मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार, जेएसके को 08.02.2019 से एक स्वायत्त निकाय के रूप में भंग कर दिया गया है और इसके कार्यकलाप स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में निहित किए गए हैं।
4. 'सही खाएं' संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए 16 अक्टूबर, 2018, विश्व खाद्य दिवस को प्रारंभ की गई विश्व की सबसे बड़ी साइकिल यात्रा- 'स्वस्थ भारत यात्रा' 100 से भी अधिक दिनों के बाद नई दिल्ली में एक ग्रैंड फिनाले के रूप में समाप्त हुई। इसका समापन समारोह 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे मुख्य अतिथि थे।
5. अब तक 21000 से अधिक स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों को अनुमोदन दिया जा चुका है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एचडब्लूसी पोर्टल पर दी गई रिपोर्ट के अनुसार 30 जनवरी, 2019 तक 7,846 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र प्रचालित थे।
6. वित्तीय 2019-20 के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों अर्थात् तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, बिहार, कर्नाटक, केरल, हरियाणा और महाराष्ट्र द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) की जनवरी, 2018 में बैठकों का आयोजन किया गया था। कार्यवाहियों के

रिकार्डों के रूप में अभी तक तमिलनाडु, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों के लिए पीआईपी के अनुमोदन जारी किए गए हैं।

7. डीएम (बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान) को एक नए विशिष्टिकरण के रूप में शामिल करने के लिए स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2000 में संशोधन किया गया है तथा इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पूर्व अपेक्षाओं को भी जोड़ दिया गया है।

8. दिनांक 30 जनवरी, 2019 को समूचे भारत में ग्राम सभा स्तर तक स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुता अभियान (एसएलएससी), 2019 अर्थात् कुष्ठ रोग रोधी दिवस मनाया गया।

9. "भारत को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के अभियान को गति देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि" शीर्षक से 30 मिनट की अवधि का एक विशेष प्रायोजित कार्यक्रम प्रायोजित किया गया था जिसे आकाशवाणी के माध्यम से 30 जनवरी, 2019 को प्रसारित किया गया था।

10. मिशन इन्द्रधनुष के चरण-6 का 17 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अभिज्ञात किए गए 75 जिलों में अक्टूबर, 2018 से दिसंबर, 2018 के बीच तीन चरणों में आयोजन किया गया। अभियान के दौरान, 18 जनवरी, 2019 की स्थिति के अनुसार लगभग 4.91 लाख बच्चों तथा 1.13 लाख गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जा चुके हैं।

11. खसरा-रुबेला (एमआर) अभियान फरवरी, 2017 चरणबद्ध तरीके से प्रारम्भ किया गया तथा जनवरी, 2019 तक इसे 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रारम्भ किया जा चुका है। 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एमआर अभियान पूरा कर लिया गया है। 25 जनवरी, 2019 तक इस अभियान के अन्तर्गत लगभग 24.84 करोड़ बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है।

12. मंत्रालय ने 18-20 जनवरी, 2019 के दौरान गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किए गए 'वाइब्रान्ट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो' में भाग लिया।

13. पुलिस प्रशिक्षण अकादमियों के पाठ्यक्रम में औषधि दुर्व्यसन और एचआईवी/एड्स से संबंधित विषयों को शामिल करने के लिए, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने, यूएनएड्स, संयुक्त राज्य औषधि और अपराध कार्यालय तथा सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अपर सचिव और महानिदेशक (नाको और आरएनटीसीपी) की अध्यक्षता मे 10 से 11 जनवरी, 2019 के दौरान नई दिल्ली में पुलिस प्रशिक्षण अकादमियों के प्राधिकारियों के साथ राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया गया।

14. राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज नेटवर्क योजना के तहत 15 जनवरी, 2019 को ई-क्लासरुम परियोजना प्रारम्भ की गई है।

15. स्नातकोत्तर (व्यापक विशेषज्ञता) पाठ्यक्रम की 1 सीट को मान्यता देने संबंधी अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

16. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनवरी, 2019 महीने में मोतियाबिन्द के लगभग 4.76 लाख ऑपरेशन किए गए, स्कूली बच्चों को 59,051 निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा दान की गई 3,767 आँखे एकत्र की गईं।

17. दिनांक 23.09.2018 को प्रारम्भ की गई 'आयुष्मान भारत- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई)' के अन्तर्गत अस्पताल में भर्ती होने पर पात्र परिवारों को प्रत्येक वर्ष प्रत्येक परिवार 5 लाख रुपए तक का कवरेज उपलब्ध कराया जा रहा है। जनवरी, 2019 महीने के दौरान पीएमजेएवाई के कार्यान्वयन की स्थिति निम्नवत हैः

| मैट्रिक | दिनांक 31.01.2019 की स्थितिनुसार कुल | जनवरी, 2019 माह संबंधी प्रगति |
|---|---|---|
| जारी किए गए ई-कार्ड | 1,08,03,718 | 67,65,268 |
| अस्पताल में भर्ती लाभार्थी | 10,21,051 | 3,35,244 |
| भर्ती हेतु अधिकृत राशि | 1379.4 करोड़ | 467.3 करोड़ |
| प्रस्तुत दावे | 7,60,031 | 2,38,221 |
| प्रस्तुत दावों की राशि | 984.2 करोड़ | 310.2 करोड़ |
| दावे का औसत आकार | 12,949 | 13,022 |
| अनुमोदित दावे | 5,93,667 | 1,81,437 |
| अनुमोदित दावों का राशि | 768.8 करोड़ | 238.7 करोड़ |
| एनएचएम कॉल सेन्टर द्वारा उत्तर दिए गए कालों की कुल संख्या (14555) | 15,82,249 | 3,46,024 |
| Mera.pmjay.gov.in पर कुल यूजर्स | 58,59,090 | 16,61,293 |

18. पीएमएसएसवाई योजना के तहत मुख्ल उपलब्धियाँ:

(i) तमिलनाडु के मदुरै और तेलंगाना के बीबीनगर में दो एम्स की स्थापना के लिए मंत्रिमण्डल की स्वीकृति प्राप्त की गई।

(ii) माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मदुरै में एम्स की नींव रखने संबंधी समारोह का दिनांक 27.01.2019 को आयोजन किया गया।

(iii) निम्नलिखित सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉकों (एसएसबी) की परियोजनाओं को पूरा किया गया और दिनांक 27.01.2019 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इनका उद्घाटन किया गया-

- ❖ राजाजी चिकित्सा कॉलेज, मुदैरे में एसएसबी (चरण-II) (परियोजना की लागत 150 करोड़ रुपए है)
- ❖ तंजावुर चिकित्सा कॉलेज, तंजावुर (चरण-III) (परियोजना की लागत 150 करोड़ रुपए है)

❖ तिरुनवैली चिकित्सा कॉलेज, तिरुनवैली (चरण-III) (परियोजना की लागत 150 करोड़ रुपए है)

(iv) माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 09.01.2019 को 200 करोड़ रुपए की लागत से जीएमसी, आगरा में बनने वाले सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक की नींव रखी।

(v) एम्स, बिलासपुर के निर्माण का कार्य सौंपा गया और निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने दिनांक 21.01.2019 को एम्स, बिलासपुर के स्थल का भूमि पूजन किया।

******